# मिशन शिफा-ए-रहमानी

ISHAATE ULOOME ISLAMI WA IQUABALE REHMANI TRUST
IUIIRT

Registration No.: 1250/16 / PAN No.: AABT13134N
Email : shifa.a.rehmani@gmail.com / Web : www.shifaarehmani.com
Mob. : 9755047070, 9753639961

The Savior Youth Welfare Association
SYWA

जवाहर मार्ग, पेट्रोल पंप के पीछे, साऊथ तोड़ा, इन्दौर (म.प्र.) - 452001

## जिसने एक जान को नाहक मरने से बचा लिया गौया उसने पूरी इन्सानियत को बचा लिया।

अल कुरान सुरह अल माईदा 5, आयत नं. 32



## IUIIRT TRUST
### HDFC Bank

211, Jawahar Marg, Indore (M.P.) 452002
A/C No. 50200031343720
IFSC Code : HDFC0000281

Paytm

G Pay

## विजन :

''एक सेहतमंद इन्सान की सेहतमंद कौम व समाज की तामीर करता है'', हर अज़ीम तब्दीली मे एक अज़ीम इंकलाब की ज़रूरत होती है, और यह तब्दीली सेहतमंद और तालीमयाफ्ता समाज से ही आती है। मिशन शिफा-ए-रहमानी एक वसी नज़रिया के साथ समाज को सेहत और सेहतमंदी की तालीम के लिऐ बेदार करता है।

اليد العليا خير من اليد السفلى واليد العليا المنفقة والسفلى السائلة

''ऊपर वाला हाथ हमेशा नीचे वाले हाथ से अफ़ज़ल होता है''...
और ऊपर वाला हाथ वह हे जो अल्लाह की राह में खर्च करता है
और नीचे वाला हाथ हाजतमन्द (ज़रूरतमन्द) का होता है
(सही हदीस अल बुखारी 1429)



## मिशन :

मिशन शिफा-ए-रहमानी सिर्फ एक ज़रिया ही नही है मदद करने वाले और मदद चाहने वालों का, बल्कि एक मुकम्मल इंकलाब है, समाज को सेहतमंद बनाने और बेदार करने का... बीमारी मे आपरेशन्स के खौफ और रूपये ना होने पर बेहतर इलाज ना मिलने पर मायुसी से बाहर निकालने का... इलाज के बाद और पहले मरीज़ और उसके रिश्तेदारों को छोटेपन के जज़्बात से उबार कर खुद एतमादी के जज़्बे से भरने का।

## मकसद :

मिशन ''शिफा-ए-रहमानी'' का मकसद...

- मरीज़ो की बेहतर सेहत के लिए फ्री सुपर स्पेशलिटी चेरिटेबल क्लिनिक फराहम करना।
- बीमारियों से सम्बंधित जाँचो (सी.टी. स्केन), एम.आर.आई., अल्ट्रा-सोनो ग्राफी , खुन व दीगर सभी जाँचो के लिए विशेषज्ञ सेन्टर्स से विशेष अनुबन्ध जिसके ज़रिये सरकारी दरों में जाँचे करवाना।
- समाज को सेहत के लिऐ नुक्कड़, सेमिनार, मेडिकल केम्प के ज़रिऐ बेदार करना।
- विशेषज्ञ डॉक्टर्स, सर्जनस व सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल के साथ अनुबन्ध के तहत रियायती दरों पर बिना मैयार (क्वालिटी) से समझौता किऐ बिना आपरेशन्स करवाना।
- जरूरतमंद मरीज़ और उसके रिश्तेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी सेहत के मुतआल्लिक जरूरत को पुरा करना ताकि मरीज़ और उसके रिश्तेदार अकेला महसुस ना करे।
- जरूरतमंद मरीज़ो की हौसला अफज़ाई कर हिम्मत देना और उनकी जाईज़ ज़रूरतों को ''हर पुर वकार'' तरीके से पुरा करना जिससे उनके ज़मीर मे छोटे पन का एहसास ना आऐ।
- मरीज़ो की बीमारी के हिसाब से सेहत के लिऐ सभी असबाब मुहैय्या करवाना।
- गरीब ज़रूरतमंद माज़ुर मरीज़ो के ऑपरेशन्स व इलाज करवाना और उनके बच्चों को सेहत, तालीम व उनके माअश के लिऐ साहिबे खैर लोगो के सदकात, ज़कात, इमदाद, अतियात के ज़रिऐ मदद फराहम कराना।

# फ्री मेडिकल कैम्पस


वेल-फेयर ट्रस्ट, कुक्षी
मिनजानिब – RRG
इशाते उलुमे इस्लामी व इकबाले रेहमानी ट्रस्ट


इमदाद
सोशल वेलफेयर सोसाइटी
फ्री मेडीकल हेल्थ चेकअप कैम्प में
आपका इस्तकबाल करती है
इशाते उलुमे इस्लामी व इकबाले रेहमानी ट्रस्ट


मिशन शिफा ऐ रहमानी
आप सभी का तहेदिल
से इस्तकबाल करते हैं


मिशन शिफा ऐ रहमानी
शाते उलुमे इस्लामी व इकबाले रेहमानी ट्रस्ट




care

# जनरल सर्जरी


















# कॉर्डिएक सर्जरी








"मिशन शिफा ए रहमानी" आप सब से गुज़ारिश करता है कि नमर अल इस्लाम के दिल का आज आपरेशन बैंगलौर मे मशहुर "नारा याना ह्रदायालय" मे चल रहा है... किन्ही मेडिकल मुश्किलात की वजह से उसको 17 दिन से ICU मे रखा हुआ था... दुआ करे कि आपरेशन कामयाब रहे...









# आर्थोपेडिक सर्जरी

















# न्यूरो व स्पाईन सर्जरी

















# कैंसर सर्जरी




दुनिया का सबसे सुकुन
देने वाला तोहफा
वह मुस्कुराहट होती है
जो एक माँ के होठो पर
उस वक्त होती है
जब उसके बच्चे के कटे
हुए होठो को प्लास्टिक
सर्जरी से ठीक कर
दिया जाता है
डॉ. राहुल छाजलानी
डा. राहुल छाजलानी
डा.प्रकाश छाजलानी
#SmileMaker













# एजाज








RGN
वेल-फेयर ट्रस्ट, कुक्षी
आपकी छोटी सी मदद किसी गरीब के बड़े काम की




प्रोस्टेट एवं पथरी रोग शिविर
डॉ. आरिफ अहमद अंसारी


समर्पण



# मिडिया कवरेज

**प्रभातकिरण**

4 | इंदौर, मंगलवार 22 जनवरी 2019

## सेहत के लिए मिशन शिफा-ए-रहमानी का टाक शो

इंदौर। शिक्षा, रोजगार और कानूनी राय देने के लिए मिशन शिफा ए रहमानी ने एक कदम और बढ़ाते हुए सेहत के लिए काम शु[रू] किया है। इंदौर की इस टीम ने पिछड़ी बस्तियों में जागरूक[ता] अभियान चलाया। कल देवास के मोहसिनपुरा कम्युनिटी हाल ... 'लोग' रखा गया। अय्युब भारती ... और इलाज के ...

**पारिवारिक दस्तक**

## मिशन शिफा-ए-रहमानी द्वारा नेत्र शिविर आज

इंदौर । शहर की एक संस्था आखों का ख्याल रखने के लिए आगे आई है। संस्था मिशन शिफा-ए-रहमानी और सेंटर फॉर साइट द्वारा आज 17 मार्च को सुबह 10 से 3 बजे तक जवाहर ...

**ग्लोबल हेराल्ड**

## मोबाइल के अधिक उपयोग से बढ़ रहे हैं नेत्र रोगी

**इंदौर समाचार**

## मोबाइल के अधिकतम प्रयोग से बढ़ रहा है दृष्टिदोष

**इन्दौर समाचार**

इन्दौर, मंगलवार 22 जनवरी 2019

**इन्दौर समाचार**

इन्दौर, मंगलवार 8 जनवरी 2019



## नशा और तंबाकू के खिलाफ मुहीम का आगाज

## देवास में मिशन शिफा-ए-रहमानी का 'हम लोग' टॉक शो

देवास (निप्र)। हम सब की मदद नही कर सकते लेकिन सब मिलकर किसी की मदद जरुर कर सकते है मिशन शिफा ऐ रहमानी का हम लोग प्रोग्राम इसी थीम पर पुरे प्रदेश मे चलाया जा रहा है जिसके तहत लोगो को हम लोग प्रोग्राम का सदस्य बना कर स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार और लीगल सेल से जोड़ा जा रहा है।



इस कड़ी के अंतर्गत देवास जिले मे मोहसिनपुरा कम्युनिटी हाल मे एक टॉक शो रखा गया, बीमार होने पर रुपये के अभाव मे मरीज़ घर क्यों बैठे रहे, क्यों अपनी जमा पूँजी महगे इलाज़ के लिए खर्च करे, क्यों दोस्तों या रिश्तेदारों से रुपये उधार ले, क्यों अपने वाहन, जेवर, घर या दूकान गिरवे रखे या बेचे, क्यों किसी बेतुलमाल या खेराती तंजीमो के आगे अपना हाथ फैलाये, क्यों अपने जमीर को रुसवा करे ! इसे कई जवलन्त मुद्दों पर मिशन शिफ़ा ऐ रहमानी का «हम लोग» टॉक शो मे बात रखी गई ! लोगो को बतलाया गया की मिशन शिफ़ा ऐ रहमानी का «हम लोग» प्रोग्राम आम लोगो की स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी हक़ के लिए डिजाईन किया गया है ताकि मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय तब्का इस प्रोग्राम से जुड़ कर फ़ायदा उठा सके, हम लोग से जुड़ने के बाद सदस्य को दस हज़ार से लेकर एक लाख तक का बीमार होने पर इलाज़ मुफ्त दिया जाता है, साथ ही क्लिनिक सुविधाये और डॉक्टर्स के सलाह मुफ्त हासिल हो जाती है, इसी तरह वह शिक्षा, रोजगार और लीगल सेल से भी कई प्रकार की सुविधाये मुफ्त हासिल कर पाता है ! इस प्रोग्राम से तेज़ी से लोग जुड़ कर फ़ायदा उठा रहे है !

प्रोग्राम मे अय्यूब भारती जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये और लोगो को इस प्रोग्राम से जुड़ने हेतु आह्वान किया, प्रोग्राम मे संस्था कर्म योग, उम्मीद फाउंडेशन और अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ताओ ने भी हिस्सा लिया और हम लोग से जुड़ कर कार्य करने का भरोसा जताया, अंत मे सभी महमानों का मिशन शिफ़ा ऐ रहमानी की और से आभार व्यक्त किया गया !

## منشیات اور تمباکو نوشی کے خلاف مہم کا کیا آغاز



## प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र इन्दौर का चिकित्सा शिविर



इन्दौर। प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र इन्दौर अवं संस्था द सेवियर युथ वेलफेयर एसोसिएशन ने सयुक्त रूप से चन्दन नगर इन्दौर मे चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमे बड़ी संख्या मे लोगो ने इस शिविर का लाभ लिया, शिविर मे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर अवं कई प्रकार की जाचो मुफ्त मे की गई, शिविर मे मुख्य रूप से डॉक्टर आरिफ अहमद अंसारी (मूत्र रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन), डॉक्टर सुष्मिता मुखर्जी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर मुर्तुजा रस्सिवाला (हड्डी रोग विशेषज्ञ) अवं डॉक्टर मोहम्मद अखिल (मुह अवं गले के कैन्सर विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाए प्रदान की, प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र इन्दौर के संचालक श्रीमान फरहान खान ने भारत सरकार दुवारा चलाये जा रहे जनेरिक दवाओं और उसके फायदे के बारे मे बताया, संस्था द सेवियर युथ वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीमान शकील शेख ने शहर मे चलाये जा रहे अपने मिशन «स्वस्थ भारत, स्वस्थ नागरिक» अवं रिज़वान खान ने «शिफा ऐ रहमानी» पर अपने विचार रखे, आफरीन अंसारी ने धन्यवाद दिया !

## منشیات اور تمباکو نوشی کے خلاف مہم کا کیا آغاز



اندور 07 جنوری (نیا نظریہ بیورو) مشن شفاء رحمانی شہر کے مختلف علاقوں میں منشیات اور تمباکو نوشی کے خلاف مہم شروع کرنے جا رہی ہے تاکہ منشیات اور تمباکو سے ہونے والے انجام اور کینسر جیسی مہلک بیماریوں سے عام لوگوں کو بیدار کیا جا سکے۔ اس بیداری مہم کے تحت، نکڑ ناٹک، سلائیڈ شو، پینٹنگ مقابلہ وغیرہ کا انعقاد بھی کیے جا رہے ہیں۔ اسی مشن کے تحت مشن شفاء رحمانی اور اریب ویلفیئر سوسائٹی کے مشترکہ کے زیر اہتمام منعقدہ پروگرام میں مدینہ نگر میں منشیات اور تمباکو نوشی کے خلاف مہم کا آج آغاز ہوا، اس پروگرام میں سلائیڈ شو کے ذریعے لوگوں کو منشیات، تمباکو، سگریٹ، پاؤچ، سپاری، پان مسالہ وغیرہ سے ہونے والے نقصانات اور کینسر جیسی مہلک خوفناک بیماریوں کو متعارف کرایا گیا، اس کے ساتھ ساتھ اس سے ہونے والے اثرات، وجوہات اور شفایابی کے طریقوں کو بھی آگاہ کیا گیا۔ مشن شفاء رحمانی اپنے ڈاکٹرس اور مشیروں کے ذریعے ان لوگوں کی بھی مدد کر رہے ہیں جو منشیات، تمباکو، سگریٹ، پاؤچ، سپاری، پان مسالہ وغیرہ چھوڑنا چاہتے ہیں۔ اس موقع پر شفاء رحمانی کے سرپرست جناب رضوان خان بھائی، اریب سوسائٹی کے صدر جناب حاجی محسن، جناب الیاس شاہ، جناب یونس خان، عاصم علی، جناب امان اللہ صدیقی اور جناب شہباز خان وغیرہ موجود رہے۔

HEALTHY • HYGIENIC • FRESH
Ayesha

**इन्दौर समाचार**

इन्दौर, मंगलवार 8 जनवरी 2019



## नशा और तंबाकू के खिलाफ मुहीम का आगाज

इन्दौर। मिशन शिफा ऐ रहमानी शहर के विभिन्न इलाको मे नशा और तंबाकू के खिलाफ मुहीम शुरू करने जा रहे है ताकि नशा और तंबाकू से होने वाले अंजाम और कैन्सर जेसी भयानक बीमारियों से आमजन को आगाह कर सके !

इसी मिशन के तहत मिशन शिफा ऐ रहमानी और अरीब वेलफेयर सोसाइटी के एक साझा प्रोग्राम मे मदीना नगर मे नशा और तंबाकू के खिलाफ मुहीम का आज आगाज हुआ, ... उन लोगो की भी मदद कर रहे है जो नशा, तंबाकू, सिगरेट, पाउच, सुपारी, पान मसाला आदि छोड़ना चाहते है इस अवसर पर शिफा ए रहमानी के ...

## مشن شفاء رحمانی کا 'ہم لوگ' ٹاک شو ہوا منعقد



# मेनेजिंग ट्रस्टी साहब का पैगाम



**शफीक उर रहमान खान**
मेनेजिंग ट्रस्टी

इंसानी रिश्ते जब तक ही कायम है... जब तक हमारे एहसास जिंदा है... बिना एहसास के इंसान और जानवर में कोई फर्क नजर नहीं आता है... एक एहसास ही है जो हमें एक दूसरे से जोड़ कर रखता है... यह हमारा एहसास ही है जो हमें रिश्तेदारो, समाज व पुरी इन्सानी कौम के प्रति ईमानदार और जवाबदार बना कर रखता है... यह एहसास है तो यकीन है... और यकीन है तो एक दूसरे के प्रति हम हस्सास (संवेदनशील) हैं... और हम संवेदनशील हैं... तो हमे एक दूसरे की कद्र है... जब कोई खुशियों या दुख में हमें सदा देता है... तो एहसास ही है जो हम उनके साथ बांटते हैं... ''मिशन शिफा-ए-रहमानी''में कुछ ऐसे ही एहसास हम लोगों के अंदर जगाने की कोशिश करते हैं... ताकि बीमारी की हालत में दुःखी इंसानों को व उनके अज़ीज़ों अकारीब रिश्तेदारों को मदद फ़राहम की जा सके...

एक अजीब हालात से हमे हर केस मे दौ-चार होना पड़ता है... लोग जब कोई खुशी का मौका होता है तो अपने अज़ीज़ो अकारिब, दोस्त औ एहबाब (रिश्तेदारों और इष्ट मित्रों को) बुला कर खुब जौश औ खरोश से दावतों का इन्तेज़ाम करते है... लेकिन वही शख्स जब बीमार होता है और ''इलाज के लिऐ उसके पास रूपऐ नही होते है या खत्म हो जाते है''... वह अपने दोस्तो और रिश्तेदारो से किसी भी प्रकार की मदद लेने से परहैज़ करते है... हत्ता कि महंगे इलाज के फलस्वरूप कई बार बीमारी की हालत में वह घर पर ही बैठ जाते है और धीमे धीमे आती हुई मौत की आहट को सुनने की कोशिश में ज़हनी व जिस्मानी तकलीफ को उठाते रहते है।

इब्ने उमर रदि अल्लाहो ताआला अन्ह से मरवी है कि हुजुरे पुर नूर सल लल लाहो अलैय हे व सल्लम ने फरमाया...

''ऊपर वाला हाथ हमेशा नीचे वाले हाथ से अफ़ज़ल होता है''... और ऊपर वाला हाथ वह हे जो अल्लाह की राह में खर्च करता है और नीचे वाला हाथ हाजतमन्द (ज़रूरतमन्द) का होता है (सही हदीस अल बुखारी 1429)

हम मिशन शिफा-ए-रहमानी के तहत आप सभी के बेहद शुक्र गुज़ार है... आप सभी ने ''मिशन शिफा-ए-रहमानी'' को हर तरह से मदद फराहम कराई है... जिससे आज हम एक साल के कलील वक्फे मे इतने ज़्यादा नौइयत के कामयाब आपरेशन्स कराने मे कामयाब हुऐ है... हम ट्रस्ट की जानिब से सभी को-आर्डिनेटर्स का... मताउनीन हज़रात का, सभी मुख्लिस खिदमात गुज़ार हज़रात का, मखसुस तौर पर सभी डॉक्टर्स, सर्जनस साहेबान का खास तौर पर डॉ. सफदर सैफी साहब का दिल की गहराइयों से शुक्र गुज़ार है, जिन्होने हमे बिना किसी उजरत या शर्त के अपने क्लिनिक में ''शिफा-ए-रहमानी मल्टी सुपर स्पेशलिटी विशेषज्ञ डॉक्टर्स के लिऐ निःशुल्क ओ.पी.डी. खोलने के लिऐ जगह मुहैय्या कराई'' । आप सभी से आजीज़ाना गुज़ारिश है कि मिशन शिफा-ए-रहमानी मे जौ मुस्ताहिक ज़रूरतमन्द मरीज़ो को बीमारी से निजात दिलाने के लिऐ उनके जौ सर्जिकल आपरेशन्स किऐ जा रहे है उसमे दिल खोल कर अपने सदकात, ज़कात, अतियात से ट्रस्ट की मदद करे जिससे ज़्यादा से ज़्यादा लोगो को फायदा पहुचाया जा सके। वस्सलाम

---




आज के दौर मे ''सेहत'' के लिऐ हमारी उम्मत मुस्लिमा के पास कोई मुनज़्ज़म इन्तेज़ाम नही है... आलिम हज़रात मेडिक्लेम को गैर शराइ करार देने से हालात और बद से बदतर है... सरकारी हॉस्पिटल मे पर्याप्त बजट ना होने से मरीज़ो के लिऐ बिस्तरो, अत्याधुनिक जाँचो, विशेषज्ञ डॉक्टर्स, सर्जनस की अत्याधिक कमी है... उम्मत के पास हॉस्पिटल के लिऐ वक्फ की बिल्डिंगे है । लेकिन ज्यादातर में हॉस्पिटल से अलग हटकर दुसरे ही व्यापार हो रहे है... उम्मत के एक बड़े तबके को हमारे देश मे आज भी इलाज उपलब्ध नही हो पा रहा है... हमारे मुल्क मे 40% लोग बीमार होने पर कर्जा लेते है... बचे हुऐ अपनी पेतृक ज़मीन बैचते है... दवाइयों के बदले अपने गहने गिरवी रखते है... और हर साल अपने किसी अज़ीज़ो अकारीब की गम्भीर बीमारी का इलाज कराने के नतीजे मे 2% लोग गरीबी की रेखा के नीचे चले जाते है... इसके बर अक्स उम्मते मुस्लिमा की हालत बेहद खराब है उसमे यह डाटा 60% से 80% लोग बीमार होने पर कर्ज़ा लेते है और बचे हुऐ अपनी पेतृक जमीन बैचते है... दवाइयों के बदले अपने गहने गिरवी रखते है... आैर हर साल अपने किसी अज़ीज़ो अकारीब की गम्भीर बीमारी का इलाज कराने के नतीजे मे 8% से 10% गरीबी की रेखा के नीचे चले जाते है ।

हमारा मुल्क हर साल पुरी दुनिया के मुकाबले सबसे ज़्यादा डॉक्टर्स तैय्यार करता है परन्तु फिर भी हमारे पास बनियादी सुविधाओं वाले हॉस्पिटल जहाँ गरीब ज़रूरतमन्द व मध्यवर्गीय परिवार का इलाज आसानी से किया जा सके इसकी बेहद कमी है और निजि हॉस्पिटल्स मे इलाज कराना मजबुरी है जिसके लिऐ ज़रूरी रूपऐ मुहैय्या कराना बेहद मुश्किल भरा काम है।

मिशन शिफा-ए-रहमानी से हम ''सेहतमाल'' के ज़रिऐ इसी मुश्किल भरे काम को आसान करने की जद्दौ जहद करते है और गरीब ज़रूरतम्द मरीज़ो का इलाज व ऑपरेशन्स करमफर्मा डॉक्टर्स व सर्जनस की टीम के साथ नेक ख्यालात से भरे हॉस्पिटल मे मेडिकल उसुलो के अनुसार खुद्दारी के साथ इस तरह कराते है कि उनके दिल को किसी तरह की चोट ना लगे। सेहतमाल से जुड़े और हर तरह से जानी माली इमदाद करे जिससे ज़्यादा से ज़्यादा मुस्तहिक लोगो को इलाज मुहैय्या कराया जाकर उनको और गरीब होने से बचाया जा सके।

इस वक्त उम्मत सेहत और तालिम मे सबसे ज्यादा मुतासिर है, हम सभी जानते है की हमारे पास मरीज के इलाज के लिए कोई ऐसा मुनज्जम तरिका नही है जहा मरीज कम खर्च और बुनियादी सहुलियतो के साथ इलाज पा सके।

अगर मौजुदा डाटा देखे तो एक आम मध्यम वर्गीय परिवार के लिए ''दिल का दौरा'' पड़ने और एन्जियो ग्राफी हो जाने के बाद एन्जियो प्लास्टी या दिल का बायपास आपरेशन कराने के लिऐ आने वाले खर्चे का इन्तेजाम करना ही मुश्किल हो जाता है... डाटा कहते है कि हमारे देश मे लगभग 12 लाख लोगो को दिल के ऑपरेशन की जरूरत होती है जिसमे लगभग मात्र 1,50,000 मरीजो का ही आपरेशन हो पाता है... बचे हुए मरीज हर रोज़ अपने नजदीक आती हुई मौत की धमक सुनने को मजबुर है... हम यह कह सकते है कि हमारा देश आज की तारीख में सबसे ज़्यादा जवान विधवाओं और यतिमो को पेदा करने वाला मुल्क है।

कुरबानी देना शऊर का काम है वर्ना भीड़ में मरना हराम है, आज हमें ऐसे इदारों को खड़ा करने में आपकी मदद की जरूरत है आप मिशन शिफा-ए-रहमानी के सेहतामल से जानी और माली तरीके से जुड़े और गरीब असहाय लोगो के ऑपरेशन के लिए मदद करें ।



**शकील शेख**
प्रेसिडेंट
द सेवियर यूथ वेलफेयर एसोससिएशन
मिशन शिफा-ए-रहमानी




सेहतमाल के आमद और खर्च की जानकारी के फोल्डर का विमोचन आज दि. 6 मई 2019, को रजिस्टरार पब्लिक टस्ट एस.डी.एम. जनाब राकेश शर्मा व तहसीलदार रेखा सचदेव मैडम के हाथ से किया गया है। आप दोनो ने टस्ट की सभी गतिविधीयों की जानकारी ली और भविष्य में राज्य शासन के द्वारा सेहत के लिए चलाई जा रही योजनाओं के समन्वय और सहयोग का आश्वासन दिया... आपने समाज के लोगो की सेहत के लिए ''मिशन शिफा-ए-रहमानी'' के द्वारा किऐ जा रहे प्रयासो की सराहना की।

**जिसने एक जान को नाहक मरने से बचा लिया गौया उसने पूरी इन्सानियत को बचा लिया।**

अल कुरान सुरह अल माईदा 5, आयत नं. 32

# सेहत माल गरीब मरीज़ों के ऑपरेशन के लिये इमदाद करें।

शिफा-ए-रहमानी टस्ट द्वारा करवाये गए आपरेशन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जनरल सर्जरी | 78 |
| 2. | प्रसुति | 38 |
| 3. | दिल के आपरेशन | 13 |
| 4. | हड्डियों एवं एक्सीडेंट | 40 |
| 5. | न्युरो व स्पाईन सर्जरी | 10 |
| 6. | युरोलॉजी | 28 |
| 7. | कैन्सर सर्जरी | 11 |
| | टोटल | 218 |

शिफा-ए-रहमानी टस्ट द्वारा करवाइ गई जाँचे

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ओ.पी.डी. | 450 |
| 2. | एन्जियोग्राफी | 20 |
| 3. | ईको कार्डियोग्राफी | 20 |
| 4. | सिस्टोस्कोपी | 5 |
| 5. | सिटीस्केन/एम.आर.आई | 30/20 |
| 6. | लैबोरेटरी | 200+ |
| 7. | दवाईयाँ | 60 |
| 8. | मेडिकल केम्प | 10 |
| | टोटल | 815+ |

**कुल खर्च**
**48,50,000/-**
अड़तालीस लाख पचास हजार

अपील : अपनी ज़कात, सदकात, इमदाद और अतियात मिशन शिफा-ए-रहमानी में गरीब मुस्तहिक मरीजों के ऑपरेशन के लिए देकर सवाब के मुस्तहिक बने।

# मिशन शिफा-ए-रहमानी

ISHAATE ULOOME ISLAMI WA IQUABALE REHMANI TRUST (IUIIRT)

The Savior Youth Welfare Association (SYWA)

जवाहर मार्ग, पेटोल पंप के पीछे, साऊथ तोड़ा, इन्दौर (म.प्र.) - 452001

Registration No.: 1250/16 / PAN No.: AABT13134N

**IUIIRT TRUST : HDFC Bank**
A/C No. 50200031343720
IFSC Code : HDFC0000281

Email : shifa.a.rehmani@gmail.com
Web : www.shifaarehmani.com,
Mob. : 9755047070, 9753639961

Paytm

G Pay